हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 जून 2024

11 अवैध कॉलोनी में चला डीटीपी का पीला पंजा

12 सेवा केंद्र में समर कैंप की शुरुआत


**खबर संक्षेप**

### ट्रक की चपेट में आने से मां-बेटा घायल

**बहादुरगढ़।** रेवाड़ी खेड़ा मोड़ पर ट्रक और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार युवक और उसकी मां घायल हो गए। छारा के निवासी सागर का कहना है कि 23 जून को वह बाइक पर सवार होकर अपनी मां के साथ बहादुरगढ़ से गांव लौट रहा था। जब रेवाड़ी खेड़ा मोड़ चौक पर पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। वहीं, पुलिस का कहना है कि ट्रक का नंबर मिल गया है। मामले में जांच की जा रही है।

### पुलिस ने रूट मैप एडवाइजरी जारी की

**बहादुरगढ़।** केएमपी से जम्मू कटरा हाईवे को जोड़ने के लिए फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। यातायात बाधित न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन भी अपनी ओर से आवश्यक कदम उठा रहा है। केएमपी थाना प्रबंधक निरीक्षक महेश कुमार द्वारा यातायात कार्य को सुचारू रूप से रखने के लिए कुंडली से आने वाले वाहनों को सर्विस लाइन से जोड़ दिया गया है। इस संबंध में रोड रूट मैप बनाया गया है। अगर फिर किसी वाहन चालक को कोई दिक्कत आती है तो वह केएमपी थाना प्रबंधक निरीक्षक महेश कुमार से उसके मोबाइल नंबर 9813086678 पर संपर्क कर सकता है।

### कर्मियों से अधिक डीजल की मांग का आरोप

**झज्जर।** टावर की सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी सुपरवाइजर द्वारा एक प्लाट मालिक के पुत्र पर अनावश्यक दबाव बनाने की शिकायत पुलिस को दी है। दहकोरा गांव निवासी मनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह टावरों की सुरक्षा करने का कार्य करने वाली एक सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी का एक टावर दादनपुर गांव में रमेश कुमार के प्लाट में लगा हुआ है। जिसमें बीती बारह जून को कंपनी के कर्मचारी टावर पर तेल डालने के लिए गए थे। वहां प्लाट मालिक रमेश के पुत्र शिवम ने उनका रास्ता रोक गाली गलौच की तथा कर्मचारियों पर अधिक डीजल की मांग करते हुए दबाव बनाया।

## चार फैक्ट्रियों से 22 बाल श्रमिक मुक्त कराए

### एएचटीयू, श्रम विभाग, बाल संरक्षण इकाई की संयुक्त टीम ने मारे छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- आरोपी फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ केस दर्ज

इलाके की कुछ औद्योगिक इकाइयों में नियमों को दरकिनार कर नाबालिगों से काम कराया जा रहा है। राज्य अपराध शाखा की मानव तस्करी विरोधी इकाई, बाल संरक्षण इकाई, सामाजिक संस्था व पुलिस की छापेमार कार्रवाई के दौरान यह सामने आया है। संयुक्त टीम ने एमआईई की चार फैक्ट्रियों से एक किशोरी सहित 22 बाल श्रमिक मुक्त कराए हैं। इन सभी की उम्र 15 से साढ़े 17 वर्ष तक है। इस संबंध में फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कराया गया है।

दरअसल, सहयोग केयर फॉर यू दिल्ली संस्था ने श्रम विभाग को सूचना दी थी कि बहादुरगढ़ की औद्योगिक इकाइयों में नाबालिगों से काम कराया जा रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की योजना बनाई गई। श्रम विभाग से इंस्पेक्टर राजेंद्र हुड्डा, इंस्पेक्टर कुलदीप, एमडीडी आफि इंडिया से फिरदोस जहां, जिला बाल संरक्षण इकाई से रितु, प्रवीण, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से एएसआई वजीर सिंह, सहयोग केयर फॉर यू संस्था से रोहताश आदि की संयुक्त टीम ने सोमवार की सायं बहादुरगढ़ के आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र पार्ट-ए में दस्तक दी। यहां प्लॉट नंबर 362, 363 (वाकलाइन) में 13 किशोर काम करते हुए पाए गए। इन इकाइयों का मालिक दिवित आनंद है। इसी तरह प्लॉट नंबर 769 में सात किशोर काम करते मिले। इस इकाई के मालिक आसिफ व दानिश हैं। जबकि 742 नंबर प्लॉट में दो नाबालिग काम करते मिले। इस इकाई के मालिक का नाम निपुण बताया जा रहा है।

#### सभी नाबालिग उनके अभिभावकों के हवाले कर दिए

टीम में शामिल अधिकारियों ने फैक्ट्री मालिकों, ठेकेदारों को चेतावनी दी। इसके बाद पुलिस को मामले से अवगत कराकर लिखित में शिकायत दी। इंस्पेक्टर राजेंद्र हुड्डा की शिकायत पर बहादुरगढ़ सिटी थाने में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। आवश्यक कार्रवाई करने के बाद सभी नाबालिग उनके अभिभावकों के हवाले कर दिए गए। साथ ही अभिभावकों को ये नसीहत दी गई कि वे कम उम्र में अपने बच्चों से काम न कराएं। अधिकारियों ने कहा कि 18 साल से कम उम्र में काम करवाना कानूनन जुर्म है। बता दें कि बहादुरगढ़ में कई हजार औद्योगिक इकाइयां हैं। यहां बड़ी तादाद में प्रवासी मूल के लोग रहते हैं। आर्थिक तंगी के चलते इन परिवारों के नाबालिक बच्चे भी काम पर लग जाते हैं। नियम कायदों को दरकिनार कर ठेकेदार भी इन्हें कंपनी में काम पर लगवा देते हैं।

## राजेश ने माउंट एल्ब्रस पर तिरंगा फहराया

### यूरोप की सबसे ऊंची चोटी फतह कर भारत का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया


बहादुरगढ़। माउंट एल्ब्रस पर चढ़े राजेश रघुवंशी।

बीआरजी यानी बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप से जुड़े राजेश रघुवंशी ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी फतह कर भारत का नाम रोशन किया है। करीब 53 वर्षीय राजेश ने विषम परिस्थितियों में जज्बा दिखाते हुए माउंट एल्ब्रस पर तिरंगा फहराया और बीआरजी ग्रुप का परचम लहराया। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश और लोगों को अपने शरीर को रोजाना आधा घंटा समय देने को प्रेरित किया। ग्रुप के दीपक छिल्लर ने बताया कि राजेश मैराथन दौड़ते हैं। शारीरिक फिटनेस के कारण ही वह इस मुकाम पर पहुंच गए। उन्होंने 24 जून को रूस में माउंट एल्ब्रस सम्मेलन में भाग लिया। उन्हें वहां सम्मानित किया गया। पिछले साल राजेश ने अफ्रीका की माउंट किलिमंजारों चोटी पर परचम लहराया था। ग्रुप के सभी सदस्य राजेश की इस उपलब्धि से उत्साहित हैं और उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

## उद्यमियों ने केंद्रीय मंत्री मांझी से की मुलाकात


बहादुरगढ़। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते उद्यमी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- बहादुरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में आने का निमंत्रण दिया

उद्यमी संस्था बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई), सीआईएफआई, फुटवियर पार्क एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली स्थित बिहार भवन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं एमएसएमई के केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री नियुक्त होने पर उनको बधाई दी और उन्हें बहादुरगढ़ आने का निमंत्रण दिया।

इस दौरान उद्यमियों ने उनके साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। उद्यमियों ने मंत्री मांझी से जीएसटी पर चर्चा की और इसे 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का अनुरोध किया। इसके अलावा 45-दिन भुगतान नीति में सुधार करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि यह एमएसएमईएस के लिए अधिक सहायक हो सके। फुटवियर के लिए बीआईएस मानकों को वैकल्पिक बनाने का सुझाव दिया, जिससे निर्माताओं को अनुपालन आवश्यकताओं को आसान किया जा सके। केंद्रीय मंत्री से मुलकात करने वालों में बीसीसीआई, फुटवियर पार्क एसो, सीआईएफआई से उद्यमी सुभाष जग्गा, पवन जैन, विनोद मखीजा, गौरव अग्रवाल व नरेंद्र छिकारा आदि शामिल थे। उद्यमियों ने बताया कि केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बहादुरगढ़ आने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। साथ ही ये आश्वासन भी दिया है कि वे बीआईएस मुद्दे पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से चर्चा कर समाधान का प्रयास करेंगे।

## कार व कैप्सूल ट्रक की टक्कर में दादी-पोते की मौत, तीन घायल

### रिश्तेदार की मृत्यु पर शोक जताने के लिए ढाणा से कांधरा गांव जा रहे थे परिवार के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- झांसवां गांव के चौक पर हुआ हादसा



झज्जर। दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार, दुर्घटना के बाद पीएचसी जमालपुर में एकत्रित लोग। फोटो : हरिभूमि

साल्हावास क्षेत्र के गांव झांसवा चौक पर हुई एक कार व कैप्सूल ट्रक की टक्कर में दादी-पोते की मौत हो गई जबकि कार में बैठे तीन अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा उस दौरान हुआ जब ढाणा गांव का एक परिवार कार में सवार होकर किसी की मौत पर शोक जताने के लिए कांधरा गांव जा रहा था। मृतकों की पहचान ढाणा निवासी करीब सत्तर वर्षीय विद्या देवी पत्नी उदय तथा करीब 18 वर्षीय मन जाखड़ पुत्र अनिल के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ढाणा गांव निवासी आर्मी से सेवानिवृत्त अनिल पुत्र उदय कांधरा गांव में अपने किसी रिश्तेदार की मृत्यु पर शोक जताने के लिए अपनी मां विद्या देवी, पुत्र मन जाखड़, पत्नी सुमन लता व पड़ौस की महिला उर्मिला के साथ गाड़ी में जा रहा था। जब वे झांसवा गांव के चौक से सुधराना रोड पर मुड़ने लगे तो उसी दौरान सुधराना की ओर से तेज गति से आ रहे एक कैप्सूल ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। आमने-सामने की टक्कर लगने से गाड़ी जहां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वहीं उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में राहगीरों की मदद से सभी घायलों को जमालपुर सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने विद्या देवी व मन जाखड़ को मृत घोषित कर दिया।

#### पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए

इसके अलावा सुमनलता व उर्मिला को हल्की चोटें आई है जबकि अनिल की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके बाद सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जहां घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए गए वहीं दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मामले के जांच अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि सुमनलता के बयान पर कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## अवैध पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



पुलिस की स्पेशल स्टॉफ टीम द्वारा अवैध हथियार व जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टॉफ प्रभारी रिषी पाल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्वालिसन गांव मोड से एक व्यक्ति को शक के आधार पर पकड़ते हुए तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान नितिन निवासी मारौत के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने रेवाड़ी मे जमीनी विवाद कि रंजिश में अपने साथियों के साथ मिलकर एक महिला के साथ मार पिटाई करते हुए उसे जान से मारने की नीयत से उसे गोली मारने के मामले में शामिल रहा है। वहीं आरोपी पर झज्जर में जानलेवा हमला करने सहित आधा दर्जन से ज्यादा मामलों का खुलासा हुआ है।

## उमसभरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



पिछले कुछ दिनों में तापमान में गिरावट आने से तपिश से तो राहत मिली है लेकिन उमसभरी गर्मी ने लोगों का हाल-बेहाल कर दिया है। मंगलवार को दिनभर में कई बार आसमान में बादल छाए, लेकिन बरसात नहीं हुई। हालांकि देर शाम तक संभावना बनी हुई थी। अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। दिनभर लोग उमसभरी गर्मी से परेशान रहे। एक तो गर्मी से लोग परेशान है, रही सही कसर बिजली की समस्या पूरी कर रही है। बीते कुछ दिनों से शहर के किसी न किसी हिस्से में बिजली गुल हो जाती है और फिर कई घंटों तक नहीं आती। मंगलवार को भी मेन बाजार के दुकानदार इस समस्या से परेशान नजर आए। दुकानदारों का कहना है कि एक तो गर्मी से हाल बेहाल है, ऊपर से बिजली समस्या से परेशानी बढ़ा दी है। काम करना मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग की मानें तो 27 जून से इलाके में बरसात होने की संभावना है और यह दौर कई दिनों तक चलेगा। इससे कहीं हद तक लोगों को राहत मिलेगी।

#### आमजन को बारिश का इंतजार

**झज्जर।** मंगलवार दिन की शुरूआत आसमान में छाए काले बादलों के साथ हुई। लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया, वैसे-वैसे गर्मी भी बढ़ती रही। हल्की बारिश के बाद तापमान में हुई बढ़ोतरी के कारण उमस भरी गर्मी ने दिनभर लोगों को खूब परेशान किया। जिसके कारण जन-जीवन प्रभावित रहा। लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी काफी परेशानी हुई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में अलग-अलग स्थानों पर रहस्यमयी परिस्थितियों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस ने दोनों ही मामलों में 174 के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, बिहार मूल का जुगल शहर की अग्रवाल कॉलोनी में रहता था और राज मिस्त्री का काम करता था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। वह चार बच्चों का पिता था। वहीं गांव कानोंदा में भी राकेश नामक व्यक्ति की मौत हो गई।

सदर थाना से जांच अधिकारी राजू ने बताया कि सोमवार को राकेश अचानक गली में गिर गया। परिजनों ने उसे संभाला। उसे उपचार के लिए जब बहादुरगढ़ लाया जा रहा था तो उसने दम तोड़ दिया। परिजन उसे नागरिक अस्पताल में लेकर आए तो चिकित्सकों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। हृदयाघात से मौत की आशंका है। असल कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी।

**सुरक्षा**

### रंगापानी स्टेशन वाले मार्ग पर कवच लगा होता तो दुर्घटना से बचाव हो सकता था

## दिल्ली-बठिंडा रूट पर भी कवच यंत्र लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- दिल्ली-मुंबई व दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग के तीन हजार किलोमीटर पर भी कवच लगाने का काम प्रगति पर


बहादुरगढ़। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक गाड़ी।

देश में पिछले कुछ समय में हुए रेल हादसों के बाद कवच यंत्र लगाने की मांग उठने लगी है। दिल्ली-रोहतक-बठिंडा रेल मार्ग पर भी कवच यंत्र नहीं लगा है। सुरक्षा की दृष्टि से रेल यात्रियों ने इस रूट पर भी कवच की व्यवस्था की मांग उठाई है। दिल्ली-रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाड़ा ने बताया कि उन्होंने आरटीआई के जरिये रेलवे से इस संबंध में जानकारी मांगी थी। जवाब मिला कि दक्षिण मध्य रेल मार्ग पर 1465 रूट किलोमीटर पर कवच यंत्र लगाया गया है। दिल्ली-मुंबई व दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग के तीन हजार किलोमीटर पर भी कवच लगाने का काम प्रगति पर है। इसके बाद ही देश के अन्य हिस्सों के रेल मार्गों पर कवच यंत्र लगाया जाएगा। हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल मार्गों पर कवच यंत्र लगाने के काम मे तेजी लाने के आदेश अधिकारियों को दिए थे। कुछ दिन पहले ही रंगापानी स्टेशन पर खड़ी सवारी गाड़ी को मालगाड़ी द्वारा टक्कर मारे जाने पर जान-माल की हानि हुई थी। यदि इस मार्ग पर कवच लगा होता तो दुर्घटना से बचाव हो सकता था।

#### देश के मुख्य रेल मार्गों पर कवच लगाया जाना प्रस्तावित

कवच एक ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम है। इंजन और पटरियों में लगे इस डिवाइस की मदद से ट्रेन की ओवर स्पीडिंग को कंट्रोल किया जाता है। इस तकनीक में किसी खतरे का अंदेशा होने पर ट्रेन में अपने आप ब्रेक लग जाता है। तकनीक का मकसद ये है कि ट्रेनों की स्पीड चाहे कितनी भी हो, लेकिन कवच के चलते ट्रेनें टकराएंगी नहीं। बकौल हाड़ा, यह तो समय ही बताएगा कि दिल्ली-भटिंडा रेल मार्ग पर कब तक रेल विभाग द्वारा कवच लगाया जाएगा। तब तक इस रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले रेल यात्री स्वयं की जिम्मेवारी पर रेल यात्रा करें। सबसे पहले रेल विभाग द्वारा देश के मुख्य रेल मार्गों पर कवच लगाया जाना प्रस्तावित है। शायद रेल मंत्री के आदेश के बाद दिल्ली-बठिंडा रेल मार्ग पर भी कवच जल्दी लग जाए।

## थाईलैंड में दम दिखाएगा रजत पहलवान

### पदक के लिए जमकर पसीना बहा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- जूनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन


बहादुरगढ़। अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र पहलवान के साथ रजत पहलवान।

जिले की माटी का लाल रजत पहलवान अब थाईलैंड में अपनी कुश्ती प्रतिभा का दम दिखाएगा। रजत का थाईलैंड में अगले महीने प्रस्तावित जूनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। रजत से चैंपियनशिप में पदक की उम्मीदें हैं। इसलिए वह इन दिनों जमकर पसीना बहा रहा है।

दरअसल, पिछले दिनों नेशनल प्रतियोगिता में रजत ने जीत दर्ज की थी। अब 24 जून को नोएडा में ट्रायल हुई। जिसमें जीत हासिल कर रजत ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया। रजत बहादुरगढ़ के गांव रोहद का रहने वाला है और मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र पहलवान के मार्गदर्शन में अभ्यास करता है। पिछले कुछ समय में इस 125 किलोग्राम वजनी नौजवान पहलवान के प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। देशी दंगल जीतने के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल जीत रहा है। पिछले साल एशियाई और वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत ने मेडल जीते थे। कोच धर्मेंद्र पहलवान ने बताया कि रजत बेहद होनहार पहलवान है। आगामी 16 से 24 जुलाई तक थाईलैंड में अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप में देश की ओर से भाग लेगा। फिलहाल उसकी तैयारी जोरों से चल रही हैं। हमें पूरा यकीन है कि रजत इस बार भी देश के लिए मेडल लाएगा।



# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

## लाइफ Style



# जाह्नवी बुरी तरह हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।


इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'

## हॉलीवुड मसाला



# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।



# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

## करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।



# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।



# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

### 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

### 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।



**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

## खबर संक्षेप

### एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है बीजेपी : गीता भुक्कल

**झज्जर।** पूर्व शिक्षामंत्री एवं स्थानीय विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि बीजेपी पूरी तरह एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। इसलिए जब से प्रदेश की सत्ता में भाजपा आई है, वो लगातार दलित और पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। इसी कड़ी में बीजेपी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की क्रिमी लेयर को आठ लाख से घटाकर छह लाख किया था। साथ ही इसमें बीजेपी ने कृषि और वेतन की आय को भी जोड़ दिया। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान को क्रीमी लेयर की आय सीमा को निर्धारित करते हुए इससे कृषि और वेतन की आय को अलग कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नौकरियों में दो लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन बीजेपी जानबूझकर इन पदों को नहीं भर रही है।



### मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 25 जून 2024 से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर निर्धारित फॉर्म के अनुसार मतदाताओं के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगे।



कैप्टन शक्ति सिंह, डीसी झज्जर।

### कार्ड बदल कर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सीआईए धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखे से पैसे निकालने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जिला नूह के गांव मालाहका निवासी आबिद हुसैन के रूप में हुई है। गांव घोषगढ निवासी विनोद कुमार 19 अक्टूबर 2023 को कोसली कोर्ट मे तारीख पर गया था। कोसली के बैंक आफ बड़ौदा के पास बने एटीएम पर पैसे निकालने के लिए गया तो वहां मौजूद युवकों ने धोखे से एटीएम कार्ड बदल दिया और आरोपियों ने धोखाधड़ी करके उसके खाते से 30 हजार रुपये निकाल लिए। सीआईए ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### समस्याओं का समाधान नहीं करने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

# एचएचएम कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर एक घंटे तक रखा वर्क सस्पेंड







**झज्जर।** सीएमओ कार्यालय के बाहर खडे.होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए एनएचएम कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल बजा चुके एनएचएम कर्मचारियों ने मंगलवार को विरोध स्वरूप प्रातः ग्यारह बजे से लेकर बारह बजे तक अपना काम रोक कर प्रदर्शन किया। एनएचएम कर्मचारी संगठन के जिला प्रवक्ता संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि उन्होंने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार अपनी लंबित मांगों की पूर्ति के लिए आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी कार्य 1 घंटे के लिए रोक दिए। प्रदेश भर से आज के कार्यक्रम में लगभग सौलह हजार कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान कर्मचारियों ने आवाज बुलंद करते हुए एक घंटे तक अस्पताल परिसर में बैठक कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि उनका यह वर्क सस्पेंड एवं विरोध प्रदर्शन आगामी दिनों में जारी रहेगा। एनएचएम कर्मचारी संगठन के जिला प्रधान अरुण वर्मा ने बताया कि 21 जून को हुई वार्ता में बनी सहमति उपरांत 7वें वेतन आयोग की फाइल बीते सोमवार को फिर से अनुमोदन के लिए वित विभाग में भेजी गई थी, परंतु वित्त विभाग ने अपना अड़ियल रवैया अपनाते हुए मुख्यमंत्री की अनुमोदन को दरकिनार कर दिया। संगठन ने अपने इन्हीं कड़वे अनुभवों के कारण दबाव के लिए आंदोलन पर जाने का निर्णय लिया है। एनएचएम कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा। इस दौरान संगठन सदस्य शहर के सेक्टर छह स्थित सीएमओ कार्यालय प्रांगण में भी एकत्रित हुए जिन्होंने मुख्य गेट के समक्ष खडे. होकर अपना विरोध जताया।



झज्जर। डीआईओ अमित बंसल को ज्ञापन सौंपते हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- सेवाएं नियमितिकरण की पॉलिसी बनाने की मांग

जिले में विभिन्न विभागों में कार्यरत हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स ने हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव रवि पावड़िया के आह्वान पर सेवाएं नियमितिकरण की पॉलिसी बनाने की मांग को लेकर डीआईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल का ज्ञापन लेते हुए डीआईओ अमित बंसल ने आश्वासन दिया कि वे उनके ज्ञापन को कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवा देंगे। राज्य महासचिव रवि पावड़िया ने बताया कि हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन अनुबंध के आधार पर कार्यरत लगभग पांच हजार हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स का संगठन है, जो हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमितिकरण बारे निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए सरकार से एक सूत्री मांग रखते हुए कहा कि सरकार विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगम, मिशन, केंद्रीय स्कीम में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत लगभग पांच हजार हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमित करने के लिए तत्काल प्रभाव से अधिसूचना जारी करें। सरकार जो सेवाएं नियमितिकरण की पॉलिसी लेकर आएं, उसे ओपन रखा जाए ताकि इस पॉलिसी में रेगुलर न होने वाले हारट्रोन कर्मचारी एक निश्चित अंतराल के बाद रेगुलर हो सके।

## रेखाचित्र से दिया नशा छोड़ने का संदेश



झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में नशा छोड़ने के संदेश को लेकर बनाया गया रेखाचित्र।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस के उपलक्ष्य में एक रेखाचित्र के माध्यम से लोगों को नशा छोड़ने का संदेश दिया। रेखाचित्र का शीर्षक भी नशीले पदार्थों को छोड़िए, जीवन से नाता जोड़िए रखा गया। इस चौपाल रंगोली में देवदत्त शर्मा, अमीर सिंह, रामवतार शर्मा, अनिल कौशिक, नसीब कौशिक, हिमांशु वशिष्ठ, मोहित वशिष्ठ, राहुल वशिष्ठ आदि ने भी जीवन में नशे से दूर रहने व अन्य लोगों को भी जागरुक करने का संकल्प लिया।

## पेंशन बहाली संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर




झज्जर। बैठक के दौरान उपस्थित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को पेंशन बहाली संघर्ष समिति के सभी ब्लॉक और जिले की कार्यकारिणी की बैठक डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई।

बैठक का आयोजन राज्य कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर पुष्पेंद्र कादियान और जिलाध्यक्ष नवबहार यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में डॉक्टर पुष्पेंद्र कादियान ने कहा कि हरियाणा के सभी विभागों के कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन की मांग की अनदेखी कर रही है। लोकसभा चुनाव के बाद कर्मचारियों ने एक बार फिर से पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन के लिए कमर कस ली है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के सभी जिलों में पेंशन आक्रोश मार्च निकाला जाएगा और सरकार से पुरानी पेंशन बहाली के लिए मांग की जाएगी। इसी कड़ी में जिले के सभी विभागों के कर्मचारी 15 जुलाई को शहर में पेंशन आक्रोश मार्च निकालकर उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि अगर सरकार कर्मचारियों की मांग को पूरा नहीं करती है तो आगामी एक सितंबर को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।

इस दौरान सुरेंद्र डबास, रामपाल, राकेश गोदारा, सुरेंद्र धनखड़, संदीप, अरुण नांदल, मनजीत, दलबीर, जितेंद्र, अशोक कुमार, रविंद्र सिंह, सतीश कुमार, धर्मेंद्र सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों की करें ओरल हेल्थ जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम में मौजूद दंत चिकित्सकों को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम एवं एनसीडी कार्यक्रम द्वारा मंगलवार को एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर चिकित्सकों को कैंसर को लेकर आमजन को जागरुक करने के लिए प्रेरित किया गया।

स्थानीय नागरिक अस्पताल के ट्रेनिंग हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने दंत चिकित्सकों को जागरुक करते हुए कहा कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से आमजन को बचाने के लिए आमजन को जागरुक करना जरूरी है। स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले मरीजों से ओरल हेल्थ की जानकारी लेने के साथ ही जांच करना भी आवश्यक है। राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम उप सिविल सर्जन डॉक्टर ममता त्यागी एवं एनसीडी कार्यक्रम उप सिविल सर्जन डॉक्टर मनोज कुमार सैनी ने बताया कि कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एम्स बाढ़सा से कैंसर विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉक्टर जितेंद्र मीणा एवं एम्स बाढ़सा दंत चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंकिता दत्ता ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि कैंसर से बचने के लिए अच्छे खान-पान के साथ-साथ नशे से भी दूर रहना जरूरी है। इस मौके पर राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉक्टर पूनम बिश्नोई, सीनियर डेंटल सर्जन डॉक्टर इंदिरा धनखड़, एमसीडी कार्यक्रम जिला कॉर्डिनेटर डॉक्टर मनीषा सैनी, ईएनटी विशेषण डॉक्टर नवीन, कैंसर ओरल हेल्थ विशेषज्ञ डॉक्टर संजूल लाकड़ा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## शिविर में 106 शिकायतों पर हुई सुनवाई, समाधान के दिए निर्देश

**झज्जर।** मंगलवार को समाधान शिविर में 106 शिकायतें दर्ज हुई। इन शिकायतों पर तुरंत एक्शन लेते हुए समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। शिविर में पीपीपी को लेकर ज्यादा शिकायतें दर्ज हुई। पंचायती विभाग को लेकर भी शिकायतें लेकर नागरिक पहुंचे जिनपर डीसी द्वारा सुनवाई की गई और डीडीपीओ को त्वरित व प्रभावी समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं पर ही सुनवाई की गई। पुलिस विभाग से जुड़ी 6 शिकायतें समाधान शिविर में आई, जिन पर डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन द्वारा सुनवाई की गई। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि समाधान शिविर शुरू होने के बाद से अब तक 448 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है व लंबित शिकायतों के यथाशीघ्र समाधान को लेकर अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों पर सुनवाई करते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो : हरिभूमि

## अनुज हत्याकांड मामले में शूटर सहित दो आरोपी गिरफ्तार

- दूसरे आरोपी पिंकू को पूछताछ के लिए पुलिस ने रिमांड पर लिया

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा बीते माह शहर के दिल्ली गेट क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

सीआईए प्रभारी सोमबीर ने बताया कि मृतक अनुज के पिता सतपाल की शिकायत पर कार्यवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा एक आरोपी सौरव निवासी दिल्ली को अंबाला से गिरफ्तार करके पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

पूछताछ के दौरान दूसरे आरोपी शूटर पिंकू निवासी धारवानवास जिला भिवानी को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी सौरव निवासी दिल्ली का पुलिस रिमांड समाप्त होने पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया वहीं दूसरे आरोपी पिंकू को पूछताछ के लिए पुलिस ने एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।





बहादुरगढ़। अवैध कॉलोनी में निर्माणों पर चल रहा पीला पंजा। फोटो : हरिभूमि

### बुजुर्गों को नशे के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत थाना आसौदा व चौकी मांडोठी की पुलिस टीम द्वारा गांव छारा में गांव के बुजुर्ग व्यक्तियों और युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान थाना प्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि नशा अपराध की जननी है। इसलिए हमें न तो खुद नशा करना चाहिए और न ही अपने परिवार या आसपास के किसी व्यक्ति को नशा करने देना चाहिए। इससे हमारे स्वास्थ्य पर भी बहुत पूरा प्रभाव पड़ता है। कुछ व्यक्ति जो समाज में नशा फैलाने के लिए कई तरह के नशे को बेचते हैं, वे समाज के दुश्मन है और हमें ऐसे व्यक्तियों की सूचना पुलिस को जरूर देनी चाहिए। पुलिस आपके सहयोग से ही समाज से नशे को खत्म कर सकती है।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता व नशा मुक्ति अभियान चलाया

# कर्मचारियों को नशे के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा जागरूकता व नशा मुक्ति अभियान चलाकर आमजन को नशा न करने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान पुलिस उपायुक्त के दिशा निर्देशानुसार और एसीपी यातायात अखिल कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस ने मंगलवार को सेक्टर-17 स्थित फुटवियर कंपनी के कर्मचारियों को नशा न करने की शपथ दिलवाई। एसीपी अखिल कुमार ने कहा कि वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करें। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान के तहत 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पखवाड़े के तहत मादक पदार्थों व नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी करने वालों के खिलाफ विशेष कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यातायात थाना प्रबंधक विकास कुमार ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लड़ने के लिए समाज को एकजुट होना होगा। नशीला पदार्थ व्यक्ति को न केवल शारीरिक हानि पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार के साथ साथ समाज को भी अपनी चपेट में लेकर सामाजिक वातावरण को दूषित करता है। आरएसओ सतीश शर्मा व कंपनी के एमडी पवन जैन ने कर्मचारियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर यातायात पुलिस के समन्वयक सत्यप्रकाश, उप निरीक्षक देवेंद्र, बलजीत और संजीव भी उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। कर्मचारियों को संबोधित करते एसीपी अखिल कुमार। फोटो : हरिभूमि

## अवैध कॉलोनी में चला डीटीपी का पीला पंजा

### तोड़फोड़ कार्रवाई के दौरान पुलिस बल रहा तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को डीटीपी की टीम ने नूना माजरा में दस्तक दी। यहां दो एकड़ में काटी जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की गई। रोड नेटवर्क ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही एक निर्माणधीन भवन और 12 बाउंड्री वाल गिरा दी गई।

वहीं एचएल सिटी के पास अवैध रूप से बनाए गए ढाबे को तोड़ा गया। डीटीपी की यह तोड़फोड़ कार्रवाई कई घंटों तक चली। अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ का किसी तरह का कोई विरोध नहीं हुआ। हालांकि तोड़फोड़ कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में बीडीपीओ उमेद सिंह मौजूद रहे। पिछले दिनों भी डीटीपी विभाग की ओर से अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की गई थी। डीटीपी सुमनदीप ने लोगों से आह्वान किया है कि वे इस तरह की अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। इससे उन्हें काफी नुकसान होगा। विभाग की यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

**खबर संक्षेप**

## ओबीसी को टिकट देने की मांग

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता व ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जसबीर सैनी व कार्यकर्ताओं ने ग्रुप ए, ग्रुप बी पदों के लिए ओबीसी आरक्षण को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया है। जसबीर सैनी ने बताया कि हरियाणा में ओबीसी वर्ग के कल्याण और युवाओं को सरकारी नौकरियों में बड़ा लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणाओं का पिटारा खोल दिया। सैनी ने कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव में ओबीसी वर्ग को विधायक की टिकट मिलनी चाहिए।

## बाइक छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा याकूबपुर-सौंधी मार्ग पर एक व्यक्ति से बाइक छीनने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी दुलीना प्रभारी जयभगवान ने बताया कि मोहित निवासी बादली की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान योगेंद्र निवासी बेरी के तौर पर की गई है। आरोपी से छीनी गई बाइक और वारदात में प्रयोग बाइक भी बरामद की गई है।

## दो मोटरसाइकिलें चोरी, मामला दर्ज

**बहादुरगढ़।** इलाके में दोपहिया वाहनों की चोरी भी लगातार बढ़ रही है। अब दो और वाहन मालिकों ने पुलिस को शिकायत दी है। यूपी मूल के सूबेदार यादव का कहना है कि वह गांव जसोरखेड़ी में रहता है। वहीं पर स्थित एक कंपनी में काम करता है। गत पांच जून को अपनी बाइक कंपनी की पार्किंग में खड़ी की थी। इसके बाद अपने गांव यूपी चला गया। अब आया तो बाइक नहीं मिली। इस शिकायत पर आसौदा थाने में केस दर्ज हुआ है। वहीं, कबीर बस्ती के निवासी सुरेंद्र का कहना है कि वह 23 जून को सब्जी मंडी में गया था। वहां मंडी परिसर में बाइक खड़ी करके खरीदारी करने लगा। कुछ देर बाद आया तो बाइक नहीं मिली। पुलिस तलाशने में मदद करे। इस शिकायत पर सेक्टर-6 थाने में केस दर्ज हुआ है।

### इमरजेंसी के विरोध में भाजपाइयों ने काला दिवस मनाया

# आपातकाल को देश के लिए कलंक बताया

**काली पट्टियां बांधकर धरने पर बैठे भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी को जमकर निशाना बनाया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इमरजेंसी के विरोध में मंगलवार को भाजपाइयों ने काला दिवस मनाया और दिल्ली-रोहतक रोड स्थित भाजपा कार्यालय में सांकेतिक धरना देकर विरोध जताया। इस दौरान काली पट्टियां बांधकर धरने पर बैठे भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी को जमकर निशाना बनाया। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने आपातकाल (इमरजेंसी) के विरोध में संघर्ष करने वाले सभी सत्याग्रहियों को नमन किया। धरने पर बैठे पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के महान लोकतंत्र पर आपातकाल कलंक है। आज के ही दिन कांग्रेस पार्टी द्वारा देश में इमरजेंसी घोषित की गई थी। नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी ने कहा कि जिस संविधान का हर भारतीय सम्मान करता है, उस संविधान का कांग्रेस पार्टी ने हनन किया था। पार्षद अश्विनी शर्मा, राजेश तंवर, अशोक शर्मा, राजेश मकड़ौली, पार्षद प्रतिनिधि हरिमोहन धाकरे, अनिल सिंघल, राजेश सैनी, पवन रोहिल्ला, सोनू मान, पूर्व चेयरमैन राम सिंह दलाल, कृष्ण चंद्र, रमेश राठी, संजीव सैनी, नरेश भारद्वाज, जयपाल सरोहा, संजय सैनी, जगबीर पहलवान आदि धरने पर मौजूद थे।



बहादुरगढ़। धरने पर मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नरेश कौशिक। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। आपातकाल के दौरान जेल में बंद रहे लोगों के परिजनों को सम्मानित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय सचिव। फोटो : हरिभूमि

## आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले वीरों का किया सम्मान

**झज्जर।** 25 जून 1975 में तानाशाह कांग्रेस सरकार ने अपना वर्चस्व बनाने एवं सत्ता के लोभ में भारत के लोगों पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र की हत्या की थी। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने लोकतंत्र को बचाने के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले सभी देशभक्तों को नमन करते हुए यह बात कही। लोकतंत्र के प्रहरियों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में आपतकाल के दौरान संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले वीरों का सम्मान भी किया गया। उन्होंने कहा कि आज उन सभी लोकतंत्र के प्रहरियों को याद करने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल के दौरान संविधान की बहाली के लिए कांग्रेस की हुकूमत की जेलों में यातनाएं झेली। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, कॉपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन नीलम अहलावत, पूर्व मंत्री कांता देवी, आनंद सागर, रत्न सागर, सतबीर सिंह एडवोकेट, डीपी कौशिक, केशव सिंगल, गुलशन शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते डॉ. पंकज जैन व अन्य।

## काला दिवस मनाकर विरोध जताया

**बहादुरगढ़।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर 25 जून का दिन काला दिवस के रूप में मनाते हुए कहा कि मोदी सरकार सदैव लोकतंत्र का सम्मान करती है। जबकि कांग्रेस पार्टी सदा लोकतंत्र का दमन करती आई है। डॉ. पंकज जैन व कार्यकर्ताओं ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया और आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। डॉ. पंकज जैन ने बताया कि 25 जून 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी। उस दौरान देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था। जैन ने कहा कि आज का दिन भाजपा कार्यकर्ता पूरे देश में काला दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार लोकतंत्र का सम्मान करते हुए सर्व समाज की भलाई का काम सत्ता के माध्यम से कर रही है।


# बाबा जोहड़ वाले मंदिर की चारदीवारी के लिए एक लाख रुपये का किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव लोवा खुर्द के ग्रामीण व बाबा जोहड़ वाला मंदिर कमेटी से जुड़े लोग प्रधान चेतन कौशिक की अगुवाई में सेवामूर्ति दिनेश कौशिक के कार्यालय में पहुंचे। यहां दिनेश कौशिक द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान दिनेश कौशिक ने अपनी ओर से बाबा जोहड़ वाले मंदिर की चारदीवारी के लिए एक लाख एक हजार रुपये का दान दिया। दिनेश कौशिक ने कहा कि धर्म व समाज हित के कार्य के लिए वह सदैव तत्पर हैं।

इस दौरान ग्रामीणों ने दिनेश कौशिक को आशीर्वाद दिया। राजा, सतबीर जून, काला फौजी, कृष्ण फौजी, सुरेंद्र जून, विक्की, सिद्धू जून, देवेंद्र सहित अन्य इस अवसर पर मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। ग्रामीणों, कमेटी को दानराशि भेंट करते सेवामूर्ति दिनेश कौशिक।

# सीएम को पत्र लिखकर जिला बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भारतीय किसान संघ प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने बहादुरगढ़ को जिला बनाने व उत्तरी हिस्से (लाइनपार) को ग्रेटर बहादुरगढ़ का नाम देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन पत्र लिखा है।

- **लाइनपार को ग्रेटर बहादुरगढ़ नाम देने की मांग**

सतीश छिकारा ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि आपने हाल ही में हरियाणा में कुछ जिले बनाने की घोषणा की है। जबकि बहादुरगढ़ को जिला बनाने की मांग काफी लंबे समय से चली आ रही है। आज के दिन बहादुरगढ़ की ग्रामीण व शहरी आबादी लगभग पांच लाख से अधिक हैं और काफी संख्या में यहां औद्योगिक इकाइयां व व्यापारिक प्रतिष्ठान, बड़े-बड़े सरकारी, गैर सरकारी रिहायशी सेक्टर भी बन चुके हैं।

अगर बहादुरगढ़ को जिला बनाया जाता हैं तो यहां औद्योगिक, व्यापारिक व रिहायशी सेक्टरों की दृष्टि से पूरे प्रदेश को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। आने वाले समय में बहादुरगढ़ के साथ ग्रेटर बहादुरगढ़ बनकर पूरे प्रदेश के लिए गुरुग्राम व फरीदाबाद की तर्ज पर प्रदेश की आर्थिक सम्पन्नता को मजबूत करेगा। भारतीय किसान संघ प्रदेश अध्यक्ष व ग्रेटर बहादुरगढ़ संघर्ष समिति अध्यक्ष सतीश छिकारा ने कहा कि बहादुरगढ़ के उत्तरी भाग में बहादुरगढ़ का आधा हिस्सा रहता हैं जिसको आजतक 'लाइनपार' के नाम से जाना जाता है। उस हिस्से का नाम बदलकर ग्रेटर बहादुरगढ़ का नाम रखा जाए।


बहादुरगढ़। सीएम को लिखा पत्र दिखाते सतीश छिकारा। फोटो : हरिभूमि

# पाहसोर गांव में बाइक सवार से छीना झपटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में छीना झपटी की वारदात नहीं थम रही। अब बीती रात को भी एक बाइक सवार के साथ वारदात हो गई। चार युवकों ने व्यक्ति से बाइक और नकदी छीन ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला बादली थाने के अधीन लगते गांव पाहसोर का है।

वारदात अशोक के साथ हुई है। अशोक मूलतः हाथरस यूपी से है और फिलहाल गुड़गांव में रहता है। बीती रात को वह बाइक पर सवार होकर चरखी दादरी के दूधवा गांव जा रहा था। जब रात सवा 12 बजे पाहसोर के पास पहुंचा तो लघुशंका के लिए उसने सड़क किनारे बाइक रोक ली। इसी दौरान चार शातिर युवक उसके पास आए। उन्होंने अशोक को पकड़ लिया और उसकी जेब से नकदी निकाल ली। फिर चाबी छीनकर उसकी बाइक लेकर भाग गए। रात को जैसे-तैसे किसी राहगीर की मदद लेकर पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि इलाके में आपराधिक वारदात थमने का नाम नहीं ले रही।

# सेवा केंद्र में समर कैंप की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अग्रवाल कॉलोनी में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवाकेंद्र में मंगलवार को समर कैंप की शुरुआत हुई। यह कैंप आगामी 28 जून तक जारी रहेगा।

कैंप में गंगा इंटरनेशनल स्कूल की आर्ट एंड क्राफ्ट की अध्यापिका ने बच्चों को वेस्ट से बेस्ट बनाने के तरीके और क्ले से मॉडल बनाने की कला सिखाई।

इस समर कैंप में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नई-नई चीजें सीखीं। कैंप के दौरान बच्चों ने न केवल कला और क्राफ्ट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि योग तथा ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, आत्म-नियंत्रण की भी शिक्षा प्राप्त की। बहादुरगढ़ प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके अंजलि ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। उनको गुणों से पल्लवित कर देवी संस्कारों से सुसज्जित करने का यह उचित समय है।

ब्रह्माकुमारी सुमन ने बच्चों को मूल्य आधारित शिक्षाप्रद कहानियों के माध्यम से जीवन में मूल्यों का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे शारीरिक और मानसिक योग विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


बहादुरगढ़। समर कैंप में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। मुख्यमंत्री के साथ संजय सैनी। फोटो : हरिभूमि

## मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया

**बहादुरगढ़।** ओबीसी समाज के जिला महामंत्री संजय सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का किया धन्यवाद किया है। संजय सैनी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ओबीसी समाज को नायाब तोहफा दिया है। क्रीमिलेयर की वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर आठ लाख कर दिया है। इससे नौकरियों में ओबीसी के युवाओं को लाभ मिलेगा। साथ ही ग्रुप-ए और बी के पदों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण को बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया है। नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए व बी के बैकलॉग को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एचएल सिटी में स्थित शाइनिंग स्टार एकेडमी में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिले के 250 से अधिक खिलाड़ियों ने इसमें भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर-11, 13, 15, 17, 19 व सीनियर में सिंगल, डबल, मिक्स डबल लड़के और लड़कियों के मुकाबले हुए।

अपने-अपने वर्ग में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित कर लिया। एचएल सिटी की डायरेक्टर शैलजा जून ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया और उनका उत्साह वर्धन करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला खेल अधिकारी ललिता कुमार ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। सुरेंद्र राठी, रवींद्र ठाकुर, रणदीप, सेक्रेटरी मनोज शर्मा का इस आयोजन में बेहतर सहयोग रहा।


बहादुरगढ़। कोच व अधिकारियों के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# 28 जून को होगी पहली मेरिट लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया संपन्न हो गई है। अब 28 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। आगामी छह अगस्त तक दाखिला प्रक्रिया चलेगी।

- **राजकीय आईटीआई में 700 सीटों पर 1964 आवेदन**

बहादुरगढ़ के मुख्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 19 ट्रेड में लगभग 700 सीट हैं। यहां दाखिला लेने के लिए विद्यार्थियों में खूब रूझान दिखा। सीटों के मुकाबले यहां ढाई गुणा से अधिक आवेदन आए हैं। मंगलवार शाम पांच बजे तक 1964 आवेदन आ चुके थे। गत सात जून को आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी। अब 28 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। आईटीआई स्तर पर 28 जून से दो जुलाई तक दस्तावेजों की जांच होगी। फिर तीन जुलाई तक फीस भरनी होगी। दूसरे राउंड के लिए चार जुलाई को रिक्त सीट दर्शा दी जाएगी। आगामी 9 जुलाई को दूसरे राउंड की मेरिट लिस्ट जारी होगी और 12 जुलाई तक दस्तावेज जांचे जाएंगे तथा 13 तक फीस भरी जा सकती है। तीसरे राउंड की लिस्ट 18 तथा चौथे राउंड की मेरिट लिस्ट 30 जुलाई को जारी की जाएगी। फीस भरने का समय छह अगस्त तक रहेगा। प्रिंसिपल गीता सिंह का कहना है कि आवेदन प्रक्रिया फिलहाल समाप्त हो चुकी है। आगामी 28 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। विद्यार्थियों की मदद, सहूलियत के लिए आईटीआई में तमाम व्यवस्थाएं हैं।



बहादुरगढ़। झज्जर रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान। फोटो : हरिभूमि

# स्नातक कक्षाओं के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून कर दी है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि अभी तक जिन विद्यार्थियों ने आवेदन नहीं किया है, वे उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म भर दें।

उन्होंने बताया कि दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन 30 जून तक होगी। विद्यार्थी यदि अपने ऑनलाइन फार्म में कोई संशोधन करना चाहें तो 30 जून तक कर सकते हैं, जिसके लिए उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। उन्होंने बताया कि पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट दो जुलाई को जारी होगी जबकि फाइनल मेरिट लिस्ट तीन जुलाई को आएगी।

इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे चार जुलाई से आठ जुलाई तक फीस भर सकेंगे। जबकि दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट नौ जुलाई को जारी होगी जबकि फाइनल लिस्ट दस जुलाई को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे दस जुलाई से 12 जुलाई तक फीस भर सकेंगे।

### ओपन काउंसलिंग 15 जुलाई से



*डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद बची खाली सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग 15 जुलाई से शुरू होगी जबकि नए आवेदनों के लिए एडमिशन पोर्टल 16 जुलाई से खुलेगा और 22 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद 24 जुलाई से 31 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त शुल्क लगेगा। कक्षाएं दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिले होने के बाद शुरू होंगी।*